### ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

| वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) | 3 DAYS | 15 DAYS | 1 MONTH |
|---|---|---|---|
| 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त | 100/- | 500/- | 1000/- |
| डिस्प्ले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) | 1 DAYS | 7 DAYS | 1 MONTH |
| | 500/- | 1800/- | 3000/- |

| | | |
|---|---|---|
| पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित | Size 8x1 | Rs. 500/- |
| गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई | Size 8x1 | Rs. 1000/- |
| वैवाहिक | Size 6x1 | Rs. 500/- |

नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया Display Classified Rate

वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द Rs. 500/-

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.


**ग्वालियर को मिली अनूठी सौगात**

# आधी सदी पुराने कीर्ति स्तंभ की नव साजसज्जा

**एक ही स्तंभ में विविध स्थापत्य एवं वास्तुकला के दर्शन**

**भगवान महावीर सिर्फ जैनों के ही नहीं हैं बल्कि जन जन के : आचार्यश्री**





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 09 नवंबर।** ग्वालियर महानगर के धार्मिक, सांस्कृतिक जगत एवं स्थापत्य कला की विरासत में आज रविवार को उस वक्त एक और नवीन आयाम जुड़ा जब ओल्ड हाईकोर्ट के समीप आधी सदी पूर्व निर्मित महावीर कीर्ति स्तंभ को नवनिर्माण, जीर्णोद्धार एवं नवीन साज सज्जा के साथ लोकार्पित कर शहरवासियों को समर्पित किया गया। आचार्यश्री 108 सुबल सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने नगर के जैन समाज के गणमान्यजनों एवं हजारों नागरिकों की उपस्थिति में परिसर में ध्वजारोहण एवं शिलालेख अनावरण कर यह लोकार्पण किया।

महावीर भवन न्यास के मंत्री शरद जैन एवं ग्वालियर जैन समाज के मीडिया प्रभारी ललित जैन भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर महानगर के इस ऐतिहासिक कीर्ति स्तंभ के जीर्णोद्धार एवं नव साजसज्जा का यह गुरूतर कार्य कई महीनों के अथक परिश्रम से देश के अनुभवी वास्तुकारों के मार्गदर्शन में 2500वां महावीर निर्वाण महोत्सव न्यास, ग्वालियर ने किया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में इस अभियान के प्रेरणापुंज एवं महावीर निर्वाण महोत्सव न्यास के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल ने अपने उद्बोधन में इस ऐतिहासिक कीर्ति स्तंभ की स्थापना से लेकर जीर्णोद्धार तक की यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर के 2500वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में कंपू पर महावीर भवन के निर्माण के साथ ही न्यास द्वारा ओल्ड हाईकोर्ट के समीप इस भव्य कीर्ति स्तंभ का निर्माण किया गया था जिसका लोकार्पण 13 अक्टूबर 1975 को तत्कालीन कलेक्टर रामकृष्ण गुप्ता ने किया था। आधी शताब्दी के इस सफर में वक्त के थपेड़ों, पर्याप्त देखरेख न होने के कारण अवांछित तत्वों की इस पवित्र परिसर में आवाजाही के चलते यह कीर्ति स्तंभ अपनी आभा एवं आकर्षण खोता जा रहा था और जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। इसीलिए महावीर निर्वाण महोत्सव न्यास, ग्वालियर ने इसके जीर्णोद्धार एवं नवसाजसज्जा का कार्य हाथ में लिया और देश के अनुभवी वास्तुकार धीरज बांदिल, दिल्ली के मार्गदर्शन में अपनी पुरानी दिव्यता बिखेरते हुए अब यह कीर्ति स्तंभ नवस्वरूप में है। इसके उपरांत महावीर भवन न्यास के मंत्री शरद कुमार जैन ने अपने संबोधन में कीर्ति स्तंभ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

इस अवसर पर आचार्यश्री 108 सुबल सागर जी महाराज ने धर्मपीठ से आशीर्वचन देते हुए कहा कि भगवान महावीर सिर्फ जैनों के ही नहीं हैं बल्कि जन जन के हैं।

क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि महावीर न्यास के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल ने अथक प्रयास कर इस परम पावन स्तंभ का जीर्णोद्धार कराकर सिर्फ जैन समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण ग्वालियर शहर को अनूठी सौगात दी है जिसके लिए डॉ. गंगवाल का नाम आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. गंगवाल ने साबित कर दिया है कि ऐसे दायित्व सरकार पर ही नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि समाज खुद आगे बढ़कर हाथ बंटाता है तो सुखद परिणाम आते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती निशा गंगवाल एवं ललित जैन भारती ने किया तो अंत में आभार व्यक्त धर्मेन्द्र जैन सोनू ने किया।

# वर्चस्व के लिये ब्राह्मण समाज को एक होने की जरूरत : सोनकिया

**कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ला, एडवोकेट अनिल मिश्रा, जेयू कुलगुरू राजकुमार आचार्य हुये शामिल**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** आज देश में ब्राह्मण समाज पर हमले हो रहे हैं इसके लिये स्वयं ब्राह्मण जिम्मेदार है। लंबे समय बाद पहली बार वकील अनिल मिश्रा के रूप में ब्राह्मण के वर्चस्व की आवाज बुलंद हुई है। संविधान निर्माता वीएन राव ही है यह भी एक सच्चाई है, यह बात अकेले वकील मिश्रा कह रहे है। लेकिन आज यह बात अकेले अनिल मिश्रा की नही रह गई है इसमें देश के सभी ब्राह्मणों को एक होकर साथ चलने की जरूरत है।

यह बात आज जिझोतिया ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन, अन्नकूट व सम्मान समारोह 2025 के कार्यक्रम में पूर्व पुलिस अधिकारी के.डी.सोनकिया ने बतौर अध्यक्षता की आसंदी से कही। उन्होंने चिंता जताई कि बडे बडे राजनीतिक दलों में ब्राह्मण समाज के नेता राजनेता है लेकिन उनमें इसका समर्थन करने की हिम्मत नहीं है। इसलिये वीएन राव को संविधान निर्माता का दर्जा दिलाने की लडाई अब समाज को ही लडनी होगी। इससे पहले बाल भवन में आयोजित हुये इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बालेंदु शुक्ला, पूर्व मंत्री मंचासीन थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता के डी सोनकिया ने की। वहीं राजकुमार आचार्य कुलगुरू, जीवाजी विश्वविद्यालय, एडवोकट अनिल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे।

स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष केपी अरजरिया ने दिया। इसके बाद कार्यक्रम को समाज के महामंत्री पंकज सोनकिया ने संबोधित करते हुए समाज मे प्रतिभाओं को आगे आने की सलाह दी ।जीवाजी विश्विद्यालय के कुलगुरू राजकुमार आचार्य ने समाज में एकता पर अधिक जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिये नीति नियम बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। वहीं एडवोकेट अनिल मिश्रा ने सभी ब्राह्मण समुदायों से आज के हालात को लेकर एक हो जाने की अपील की। साथ ही एससी एसटी एक्ट को आज तत्काल हटाने की आवश्यकता है कारण इसका अधिकाधिक दुरूपयोग हो रहा है। उन्होनें वी एन राव को सही संविधान निर्माता बताया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बालेंदु शुक्ला ने सभी को संबोधित करते हुये कहा कि देश के नियम, कायदे, कानून विधायक सांसद व मंत्री मिलकर बैठकर बनाते है। ऐसे में देश में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या महज तीन फीसदी है तो अकेले ब्राह्मण समाज के बल पर कानून बनाना या संशोधन करना कदापि संभव नहीं है। ब्राह्मण शिक्षित है

इसलिये परिस्थितियों का सही आंकलन करने बाद ही कोई निर्णय लेकर रास्ता खोजना चाहिये। इसके अलावा कार्यक्रम को महेश मुद्गल, अशोक पटसरिया ने भी संबेधित किया। कार्यक्रम समापन से पूर्व 50 वर्ष दाम्पत्य के पूर्ण कर चुके समाज के लोगों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मेधावी छात्रों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 100 वर्ष पूर्ण करने वाली एक बुर्जुग महिला को भी सम्मानित किया। इस मौके पर अभिषेक मिश्रा की बुन्देली गीत की प्रस्तुति हुई तथा समाज की एक वैवाहिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजीव पस्तोर ने किया। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष हरिमोहन पुरोहित कोषाध्यक्ष अटलबिहारी वाजपेई डॉ आलोक पुरोहित दिनेश निचरेले शशिकांत चतुर्वेदी विश्णु त्रिपाठी आनंद मिश्रा नीलू मिश्रा भूपेंद्र शर्मा धर्मेंद्र दुबे चंद्र प्रकाश दीक्षित पल्लव त्रिपाठी जे के चौबे पीताम्बर रावत अखिलेश तिवारी अरविंद मिश्रा प्रदीप त्रिपाठी मंगल चौबे के अलावा समाज के अनेक बडी संख्या में गणमान्य,प्रबुद्धजन महिला पुरूष तथा बच्चे

# ग्वालियर के जिलाध्यक्षों यादव व जौहरे से मिले राहुल





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 9 नवंबर।** पचमढ़ी में चल रहे मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के दौरान राहुल गांधी से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल जौहरे को अपने परिवार सहित व्यक्तिगत भेंट का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मुलाकात किसी औपचारिक आयोजन की बजाय, पूर्णत: आत्मीय और पारिवारिक वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल जौहरे ने कहा कि राहुल गांधी से परिवार सहित भेंट का यह अवसर हमारे लिए जीवन का अविस्मरणीय पल है। उनकी सादगी और हर कार्यकर्ता को अपना समझने की भावना हमें न केवल प्रेरित करती है, बल्कि कांग्रेस के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प भी मजबूत करती है। यह मुलाकात हमें याद दिलाती है कि कांग्रेस एक परिवार है, जहाँ हर सदस्य का सम्मान और उसकी आवाज़ मायने रखती है।

## पूर्व मंत्री लाखन सिंह के पुत्र अखिलेश यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव चुने गए



ग्वालियर। पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव के पुत्र अखिलेश सिंह यादव यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव चुने गए हैं। उन्होंने प्रदेश में सबसे अधिक 9011 मत हासिल किए। अभी तक लाखन सिंह के भतीजे संजय सिंह यादव ही सक्रिय राजनीति में थे जो युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। अब लाखन सिंह के पुत्र अखिलेश सिंह का भी युवक कांग्रेस के जिला संगठन के रास्ते राजनीति में पदार्पण हो गया है।

# ग्वालियर पुलिस का मुस्कान विशेष अभियान जारी

**अभियान के तहत बस्तियों व अन्य स्थानों पर पुलिस ने सुरक्षा के प्रति किया जागरूक**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम मुस्कान विशेष अभियान में ग्वालियर जिले में विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कार्यवाही एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अभियान के तहत आज थाना क्षेत्रों के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों एवं छात्रावास पर छात्र-छात्राओं व आमजन के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

थाना पड़ाव से उप निरीक्षक पूजा भदौरिया, प्र.आर श्रुति श्रीवास्तव, आरक्षक अजय आनंद द्वारा थाना पड़ाव अंतर्गत मरी माता महलगांव एवं बस स्टैंड पर जाकर उपस्थित बच्चों एवं पैरेंट्स को म0प्र0 पुलिस के मुस्कान विशेष अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर आजकल होने वाले साइबर संबंधी अपराधों के संबंध में भी जानकारी दी गई और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। थाना जनकगंज से उप निरीक्षक अंकिता भार्गव, आरक्षक सुनील शर्मा, आरक्षक अशोक राठौड़, आरक्षक आरती लोधी द्वारा थाना जनकगंज क्षेत्र अंतर्गत शासकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास जनकपुरी कॉलोनी गोल पहाड़िया में, थाना मुरार क्षेत्र के अंतर्गत लेदर फैक्ट्री झुग्गी झोपड़ी एवं नाग देवता मंदिर के पास सीपी कॉलोनी में उपस्थित महिला पुरुष और बच्चों को मुस्कान अभियान के बारे में बताया। थाना भितरवार क्षेत्र के टेन एकेडमी में छात्र-छात्राओं को अभियान के संबंध में जानकारी देकर छात्राओं को सुरक्षा, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास का संदेश दिया गया। थाना मोहना के श्यामपुर गांव की आदिवासी बस्ती में महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक किया गया।

## छ: राज्यों से आए रासेयो स्वयंसेवकों ने की ग्वालियर में हेरिटेज वॉक

**ग्वालियर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर पांचवे दिन छ: राज्यों के 200 स्वयंसेवक और उनके साथ आए रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों ने ग्वालियर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर हेरिटेज वॉक की । नगर के ऐतिहासिक स्थलों को लेकर विद्यार्थी रोमांचित नज़र आए । उन्होंने इन स्थलों पर सेल्फी लेकर शहर की यादों को अपने कैमरों में कैद किया । शिविर की शुरूआत प्रभातफेरी-योग व्यायाम के साथ हुई ।



# अभा सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी की तैयारियाँ

**अधिकारियों ने किया स्टेडियम का निरीक्षण**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर नगर निगम के खेल अधिकारियों ने रेलवे हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 2 दिसंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 तक अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे हॉकी स्टेडियम तानसेन रोड पर कराया जा रहा है, जिसकी तैयारी को लेकर आज नगर निगम के उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी खेल श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रेलवे हॉकी स्टेडियम में हॉकी टीम के खिलाड़ियों की ठहरने एवं स्टेडियम के ग्राउंड की साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला हॉकी संघ के सचिव श्री विनोद कटारे, सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्या शरण शर्मा, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री हसरत कुरैशी, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी श्री प्रताप सिंह, श्री मदन गुप्ता, श्री नरेश नरवारे एवं अन्य खिलाड़ी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई तथा अन्य टीमों के खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था विभिन्न गेस्ट हाउस एवं होटल में करने को लेकर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# परिवहन विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार पर मंत्री को लिखे पत्र

**ग्वालियर।** ग्वालियर परिवहन विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव मप्र के परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह को पत्र भेजकर परिवहन विभाग के फैलते भ्रष्टाचार को रोकने की मांग की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने मप्र के परिवहन मंत्री को भेजे गए पत्र में कहा है कि ग्वालियर जिले का परिवहन विभाग निरंतर भ्रष्टाचार और लापरवाहियों का केन्द्र बना हुआ है। आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, परमिट, वाहनों का रजिस्ट्रेशन जैसी मूलभूत सेवाओं के लिए भारी परेशानी और दलालों को अनिवार्य भुगतान करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और जवाबदेही का अभाव आम जनता के लिए अत्यंत कष्टदायक है।



# बड़ी गंगादास शाला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** सिद्धपीठ गंगादास की बड़ी शाला में एक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन आदित्य वाहिनी, ग्वालियर शाखा ने स्वामी रामसेवक दास महाराज के सानिध्य में किया। इस विशेष आयोजन में दृष्टिहीन बंधुओं द्वारा सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रस्तुत किया। जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और भावनाओं से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर वाहिनी प्रमुख आलेख शर्मा ने कहा कि, ऐसे आयोजनों से दृष्टिहीन दिव्यांगजनों को न केवल प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि समाज के साथ घुलने-मिलने और सहभागिता का अवसर भी प्राप्त होता है। वहीं, आदित्य वाहिनी ग्वालियर के सह प्रमुख वैभव शुक्ला ने बताया कि, आदित्य वाहिनी निरंतर धर्म जागरण एवं सामाजिक एकता के लिए कार्यरत है। यह कार्यक्रम अभावग्रस्त दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है। उल्लेखनीय है कि गंगादास की बड़ी शाला में वर्ष 2020 के कोरोना काल से ही इन्हीं दृष्टिहीन बंधुओं द्वारा अखंड रामधुन का आयोजन निरंतर चल रहा है, जो आज भी समान श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। इस कार्यक्रम में वाहिनी के सदस्य रीना सक्सेना, चेतना तिवारी, डॉ. ज्योति कुशवाह, सुधीर शर्मा , आशुतोष शर्मा, अंकित पाल, संजना शर्मा, आस्था शर्मा, दीपांशी,अमन दांगी, चिराग गुप्ता,शिवांश अरोड़ा, केशव अग्रवाल, देवांश आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत निशुल्क सामूहिक विवाह 23 जनवरी को

**गरीबी रेखा का राशन कार्ड होना आवश्यक**

**10 जनवरी 2026 तक जमा होंगे आवेदन**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में नि:शुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह का आयोजन किया जा रहा है। गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत कन्या पक्ष के हितग्राही इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10 जनवरी 2026 है। उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनान्तर्गत दिनांक 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में नि:शुल्क सामूहिक विवाह एवं निकाह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में निम्न दस्तावेज के साथ गरीब कन्याओं की शादी हेतु अपने निकटस्थ क्षेत्रीय कार्यालय, जनमित्र केन्द्र, नगर निगम ग्वालियर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर योजना में पंजीयन कर सकते हैं। अत: आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर योजनान्तर्गत लाभ राशि रूपये 49,000 प्रति कन्या लाभ उठावें। योजनान्तर्गत पंजीयन हेतु सिटी सेंटर स्थित नगर निगम मुख्यालय ग्वालियर के कक्ष क्रमांक 06 में भी आवेदन करने की व्यवस्था की गई है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह कराने पर यह दस्तावेज लगेंगें। जिसमें वर एवं कन्या के 03 फोटो, वर एवं कन्या के आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या का बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण-पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई डी. (ई-के वाय.सी. सहित)।, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज (8वीं एवं 10वी कक्षा की अंक सूची या मेडिकल प्रमाण पत्र), वर एवं कन्या के वोटर कार्ड या पैन कार्ड की छायाप्रति। साथ ही कन्या म.प्र. की मूल निवासी हो, कन्या की न्यूनतम उम्र 18 तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष हो तभी आवेदन मान्य किए जाएगें।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **Brajesh Gupta S/o Ashok Gupta** शपथ करता हूं कि मेरी 10वीं की अंकसूची में मेरे नाम की स्पेलिंग **Brejash Gupta** दर्ज है जोकि गलत जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में मेरे नाम की स्पेलिंग **Brajesh Gupta** दर्ज है जो कि सही है। अतः वर्तमान में भी मैं अपने नाम की सही स्पेलिंग **Brajesh Gupta** का ही लेख करता हूँ। अतः सूचित हों। **सूचनाकर्ता-**
**Brajesh Gupta S/o Ashok Gupta**
**Add.- Ward No. 15, Sati Bazar, Gohad, Distt. Bhind (M.P.) 477116**


# सांसद की पदयात्रा में ग्वालियर मेले के विकास के लिए व्यापारियों ने मांगा सहयोग : कैट



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** सांसद भारत सिंह कुशवाह आज पदयात्रा करते हुए नया बाजार पंहुचे नये बाजार में कैट के संभागीय महामंत्री मुकेश जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने ग्वालियर व्यापार मेले के विकास के लिए सांसद भारत सिंह कुशवाह से निवेदन किया कि वे राज्य एवं केन्द्र सरकार से आर्थिक मदद दिलाएं और मेले को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए मदद करें। कैट पदाधिकारियों ने एक आग्रह पत्र भी सांसद को सौंपा जिसमें ग्वालियर मेले के विकास के संबंध में आग्रह किया गया है। कैट के प्रवक्ता अंशुल तपा, सचिन राजपूत, सुनील लोहिया, सीए विवेक जैन, सुरेन्द्र जैन, मनीष अग्रवाल, सुनील अग्रवाल सनी ने नये बाजार में सांसद भारत सिंह कुशवाह से कहा कि वे 120 वर्ष पुरानी धरोहर को बचाने के लिए पूरे संसदीय क्षेत्र में पदयात्रा करें और राज्य व केन्द्र शासन से आर्थिक सहयोग लाकर मेले की दुकानें, छतरियां, शौचालय एवं सड़कों का संधारण करायें।

# घर से गायब अपहृत धौलपुर में मिली

**ग्वालियर।** वीनेश(परिवर्तित नाम) निवासी बिजौली ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे घर पर मेरी लड़की शीतल(परिवर्तित नाम) उम्र 15 साल अकेली थी। जब वह शाम को घर आया तो देखा कि मेरी लड़की घर पर नही थी, मैने उसकी तलाश आसपास मौहल्ले व रिश्तेदारियों में की कोई पता नहीं चला। वीनेश ने बिजौली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी लड़की लड़की शीतल(परिवर्तित नाम) उम्र 15 साल को कोई बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। थाना बिजौली पुलिस ने तकनीकी सहायता के आधार पर जानकारी प्राप्त कि तो अपहृत नाबालिग बालिका धौलपुर में है ऐसी जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम धौलपुर भेजा गया और तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने धौलपुर में मोरोली रोड़ से उक्त अपहृत नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने नाबालिग बालिका के 164 के कथन कराये जिसमें उसने तीन लोगों के द्वारा भगाकर ले जाना बताया। पुलिस बालिका के कथनों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही कर रही हैं।


**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone,
Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Proposed Development Cost (Approx.) | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Tender Publish Date & Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ETENDER /25/140, 07-11-2025 [2025_DTCP_461527_1] | DEVELOPMENT, OPERATION & MAINTENANCE OF INTER MODAL STATION AT DEWAS GATE AT UJJAIN ON DBFOT MODE IN THE STATE OF MADHYA PRADESH | 500.00 Cr. | 59,000/- 50,00,000/- | 11/11/2025 12:30 PM 18/12/2025 17:30PM |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

**(Kuldeep Raghuwanshi)**
Executive Engineer, UDA, Ujjain